# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे “मिशन शक्ति अभियान-4” के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/‘‘शक्ति दीदी’’ द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

“मिशन शक्ति अभियान-4” व ‘‘शक्ति दीदी’’ अभियान के तहत आज दिनांक 16.07.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्री जयकरन सिंह के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया । महिलाओं/बालिकाओँ को “मिशन शक्ति” व ‘‘शक्ति दीदी’’ के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित “एंटी रोमियो स्क्वायड” टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की।

**(2).** आज दिनाँक 16.07.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चित्रकूट पुलिस के थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सड़क पर हो रहे अतिक्रमण, शराब की दुकान, रेलवे स्टेशनों,होटल/ढाबो, 02/04 पहिया वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी।

**(3).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में वाँछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने 02 वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

(i). उ0नि0 प्रभाकर उपाध्याय थाना बहिलपुरवा मय हमराह का0 अरविन्द सिंह व का0 मोनू राय द्वारा मु0नं0 18.09/2024 धारा 138 एनआई एक्ट थाना से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त राममिलन सिंह पुत्र सुन्दरलाल निवासी गदाखान माराचन्द्रा थाना बहिलपुरवा जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

(ii).चौकी प्रभारी मण्डी समिति उ0नि0 श्री संतप्रसाद थाना कोतवाली कर्वी मय हमराह का0 शिवपूजन द्वारा मु0न0 308/21 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के वारंटी अभियुक्त महेश यादव पुत्र स्व0 माताबदल यादव निवासी कुंजनपुरवा गोलतालाब थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

(4).आज दिनांक 16.07.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में क्षेत्राधिकारी कार्यालय/लाइन्स श्री अरविन्द कुमार वर्मा द्वारा आरटीसी में रिक्रूट आरक्षियों को अन्तः कक्ष में अध्यन हेतु समस्त कालांशों की पीपीटी/पीडीएफ/वीडियों,लेसन प्लान के माध्यम से आधुनिक विधि अपनाते हुए प्रशिक्षुकों को डिजिटल स्क्रीन (नवीन तकनीकी) के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया।

इस 04 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला में महोदय द्वारा आधुनिक शिक्षण पद्धतियों पर आधारित पैडागॉजी कोर्स शुदा निरीक्षक/उपनिरीक्षक प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण के प्रति प्रेरणा तथा रिक्रूट आरक्षियों के साथ किये जाने वाला व्यवहार के सम्बन्ध में बताया गया।

इस प्रशिक्षण का उद्देश्य 1.कौशल विकास 2. ज्ञान वृद्धि 3.कार्य प्रदर्शन में सुधार 4. सुरक्षा जागरूकता 5. टीम वर्क एवं नयी तकनीकों की जानकारी 6.सकारात्मक वातावरण लक्ष्य आधारित प्रशिक्षण 7.सम्मान और प्रोत्साहन अनुभवी,तकनीकी,सम्मानजनक, मार्गदर्शक की भूमिका 8. कम्प्यूटर का सामान्य ज्ञान / सॉफ्टवेयर / हार्डवेयरकम्प्यूटर के प्रकार, गुण तथा बन्द करने व खोलने का ज्ञान कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर, हार्डवेयर i-Got कर्मयोगी पोर्टल का ज्ञान प्रशिक्षण पद्धतियों का प्रस्तुतिकरण ग्रुपडिस्कशन पद्धति द्वारा प्रशिक्षण पद्धतियों का प्रस्तुतिकरण- डैमो पद्धति द्वारा MS Word का परिचय, टेक्स्ट एवं टाइपिंग प्रशिक्षण पद्धतियों का प्रस्तुतिकरण- रोल प्ले पद्धति द्वारा कट / पेस्ट। फॉरवर्डिंग / अपलोड / डाउनलोड कमाण्ड का उपयोग Google / Website का उपयोग / AI का उपयोग करना- MS PowerPoint का परिचय / स्लाइड बनाना (Hands-on) 5 प्रशिक्षण पद्धतियों का प्रस्तुतिकरण सिमुलेशन पद्धति द्वारा 6 इन्टरेक्टिव बोर्ड एवं मल्टीमीडिया प्रोजेक्टर के माध्यम से कक्षा संचालन व्याख्यान का प्रस्तुतिकरण हैं।